प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के हौसला बढ़ाने की अपील की, कहा ओलंपिक्स हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का देता है मौका।

2- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

3- राष्ट्रपति ने नौ राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की, संतोष गंगवार बने झारखंड के नए राज्यपाल, सीपी राधाकृष्णन अब होंगे महाराष्ट्र के राज्यपाल।

4- विधानसभा के मानसून सत्र में कल पेश होगा वित्तीय वर्ष 2024–25 का अनुपूरक बजट, भाजपा विधायक दल की बैठक में आज तैयार होगी सरकार को घेरने की रणनीति ।

5- बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर के कारण कल और परसो हो सकती है भारी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट।

*******************

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से ओलम्पिक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल मैथमैटिक्स ओलम्पियॉड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने शीर्ष पांच स्थान पाने वाले, देश का नाम रोशन करने वाले इन विद्यार्थियों से बातचीत भी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो चार सौ प्रतिशत की वृद्धि है। श्री मोदी ने बताया कि खादी और हथकरघा की यह बढ़ती बिक्री, बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रही है।

मादक पदार्थों की समस्या की चुनौती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर परिवार चिंतित है कि उनका बच्चा मादक पदार्थों के व्यसन में पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने मानस नामक एक विशेष पहल की है, जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में एक कदम है। मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल हाल ही में लॉन्च किया गया था और एक टोल–फ्री नंबर–1933–जारी किया गया है।

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से 15 अगस्त नजदीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने रेखांकित किया कि हर घर तिरंगा अभियान तिरंगे की शान को कायम रखने का एक अनूठा उत्सव बन गया है।

प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस से पहले MyGov या NaMo ऐप पर उनके सुझाव भी मांगे और कहा कि वह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में यथासंभव अधिक से अधिक सुझावों को शामिल करेंगे।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड समेत नौ राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति की है। संतोष गंगवार को झारखंड का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का गवर्नर बनाया गया है। संतोष गंगवार झारखंड के 12वें राज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति ने झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान, सिक्किम, मेघालय, महाराष्ट्र, असम और पंजाब के नए राज्यपालों की नियुक्ति पर मुहर लगा दी है।

*******************

भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में जारी है। कल से शुरू हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता बैठक में उपस्थित हैं। श्री मोदी आज कई मुद्दों पर मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ विचार–विमर्श करेंगे। बैठक के पहले दिन कल भाग लेने

के बाद श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने भाजपा के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पार्टी सुशासन और लोगों की आकांक्षाएं पूरी करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। यह बैठक लोकसभा चुनाव और केंद्रीय बजट पेश होने के कुछ दिनों बाद हो रही है। बैठक का उद्देश्य राज्यों में प्रमुख योजनाओं और केंद्र सरकार की कल्याणकारी पहलों के पहुंचने की समीक्षा करना है।

******************

विधानसभा के मानसून सत्र में वित्तीय वर्ष 2024–25 का कल पहला अनुपूरक बजट पेश होगा। इसके अगले दिन अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। वर्तमान सत्र में सरकार विधेयक भी ला सकती है। वहीं सत्र के आखिरी दिन दो अगस्त को गैर सरकारी संकल्प होंगे। मानसून सत्र के मुद्दे पर भाजपा विधायक दल की बैठक आज शाम सात बजे से प्रदेश कार्यालय में होगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर समेत पार्टी के सभी विधायक हिस्सा लेंगे।

******************

लोहरदगा जिले में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार की ओर से एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

******************

रांची नगर निगम शहर में 25 जगहों पर अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन कर रहा है। इन सेंटरों के लिए निगम डॉक्टर, स्टाफ नर्स और एमपीडब्ल्यू की बहाली करेगा। निगम के उप प्रशासक ने बहाली से संबंधित आदेश जारी किया है।

******************

बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर बन रहा है, इसका असर 30 और 31 जुलाई को झारखंड में दिख सकता है। इस कारण 30 जुलाई को राज्य के कोल्हान और 31 जुलाई रांची और इसके आसपास के इलाकों में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। 31 जुलाई को राज्य के उत्तर पश्चिम और उत्तर पूर्वी के हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश के अनुमान हैं।

******************

श्रावण मास की दूसरी सोमवारी कल है। पहाड़ी मंदिर रांची, बाबा वैद्यनाथ धाम देवघर सहित राज्यभर के शिवालयों में शिवभक्त कल जलाभिषेक करेंगे। प्रशासन की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। पहाड़ी मंदिर में मुख्य पूजा सुबह 3 बजे होगी जिसके बाद 4 बजे से भक्त जलार्पण कर सकेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहाड़ी मंदिर कार्यालय में एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए।

******************

- खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिया है कि सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट के समीप रंबल स्ट्रिप और साईनेज लगाएं। उपायुक्त ने घनी आबादी वाले क्षेत्र में साइनेज लगाने और गुड सेमेरिटन योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने का निर्देश दिया।
- अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान की अध्यक्षता में हजारीबाग में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। केंद्र और राज्य सरकार की जो योजनाएं चल रही है उन योजनाओं का कितना लाभ अल्पसंख्यकों को मिल रहा है, इससे संबंधित उन्होंने जानकारी ली।
- प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केसरी ने सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्मन तदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ के द्वारा किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

*****समाप्त*****